लद्दाख में नाइट स्काई अभयारण्य

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

भारत सरकार ने हाल ही में **लद्दाख में दक्षिण पूर्व एशिया के पहले** [नाइट स्काई अभयारण्य](#) **की स्थापना** की घोषणा की।

लद्दाख में नाइट स्काई अभयारण्य से संबंधित मुख्य बिंदु क्या हैं?

- यह **चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य** के एक हिस्से के रूप में **पूर्वी लद्दाख के हनले गाँव** में स्थित होगा।
- इसकी स्थापना **भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान बंगलुरु** की सहायता से की जा रही है, जो भारत सरकार के **विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग** से संबद्ध है।
    - **1,073 वर्ग किलोमीटर** में फैला, यह **भारतीय खगोलीय वेधशाला** के निकट स्थित है, जो दुनिया का दूसरा सबसे ऊँचा ऑप्टिकल टेलीस्कोप है।
- यह **भारत में खगोल-पर्यटन** को बढ़ावा देगा तथा **ऑप्टिकल, इन्फ्रा-रेड और गामा-रे दूरबीनों के लिये विश्व के सबसे शीर्षस्थ स्थानों** में से एक होगा।

डार्क स्काई स्थानों के प्रमुख प्रकार क्या हैं?

- एक अमेरिकी गैर-लाभकारी संस्था **इंटरनेशनल डार्क स्काई एसोसिएशन,** स्थानों को उनके द्वारा पूरा किये गए मानदंडों के आधार पर इंटरनेशनल डार्क स्काई प्लेस, पार्क, अभयारण्य एवं रिज़र्व के रूप में नामित करती है:
    - **डार्क स्काई पार्क:** ये **सार्वजनिक अथवा निजी स्वामित्व** वाले संरक्षित क्षेत्र हैं, जो प्रभावी आउटडोर प्रकाश व्यवस्था प्रथाओं का उपयोग करते हैं तथा काले आकाश (डार्क स्काई) का अनुभव करने पर केंद्रित कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं।
    - **डार्क स्काई अभयारण्य:** ये **अत्यंत दुर्गम और अमूमन पृथ्वी पर मौजूद सर्वाधिक अंधेरे वाले स्थान** होते हैं। उनकी नाजुक स्थिति के कारण उन्हें दृढ़ संरक्षण उपायों की आवश्यकता होती है।
    - **डार्क स्काई रिज़र्व:** इन रिज़र्व्स में एक **निर्धारित डार्क "कोर" ज़ोन** होता है जो **आबादी वाले क्षेत्रों से घिरा** हुआ होता है। आस-पास के समुदायों को समायोजित करते हुए कोर ज़ोन के अंधेरे को सुरक्षित रखने के लिये नीतियाँ लागू की जाती हैं।
    - **अरबन नाइट स्काई प्लेस:** कृत्रिम प्रकाश के बावजूद ये शहरी (Urban) स्थान एक वास्तविक रात्रि अनुभव प्रदान करने का प्रयास करते हैं। यहाँ ऐसे वातावरण प्रदर्शित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है जहाँ लोग अभी भी रात्रि के आकाश की सराहना कर सकें।
    - **डार्क स्काई समुदाय: डार्क स्काई समुदाय एक शहर, नगर पालिका या अन्य कानूनी रूप से संगठित समुदाय है, शहरों एवं कस्बों को उनकी गुणवत्तापूर्ण आउटडोर प्रकाश व्यवस्था के नियमों और निवासियों को डार्क स्काई (काले आसमान) के संरक्षण के महत्त्व के बारे में शिक्षित करने के प्रयासों के लिये जाना जाता है।**

कौन-सी बात लद्दाख को रात्रि आकाश अभयारण्य हेतु उपयुक्त स्थल बनाती है?

- समुद्र तल से लगभग 3,000 मीटर की ऊँचाई पर स्थित लद्दाख की अधिक ऊँचाई, शीत मरुस्थलीय क्षेत्र और विरल आबादी खगोलीय वेधशालाओं के लिये एक आदर्श वातावरण का निर्माण करती है।
    - इसके अलावा, **व्यापक शहरी क्षेत्रों की अनुपस्थिति** लद्दाख में प्राकृतिक अंधकार को बरकरार रखती है और [प्रकाश प्रदूषण](#) में न्यूनतम योगदान करती है, जो नाइट स्काई अभयारण्य के लिये आदर्श स्थितियाँ बनाती हैं।

[//](#)

DARK SKY RESERVES AROUND THE WORLD

Country	Name	Year, area (sq kms)
France	Alpes Azur Mercantour Cévennes National Park Pic du Midi Regional Natural Park of Millevaches in Limousin	2019, 2,250 2018, 3,600 2013, 3,112 2021, 3,350
United Kingdom	Cranborne Chase Exmoor National Park Moore's Reserve North York Moors National Park Yorkshire Dales National Park	2019, 981 2011, 181 2016, 1,627 2020, 1,440 2020, 2,180
Wales	Brecon Beacons National Park Snowdonia National Park	2013, 1,347 2015, 2,132
Australia	River Murray	2019, 3,200
New Zealand	Aoraki Mackenzie	2012, 4,367
Germany	Rhön Westhavelland	2014, 1,720 2014, 1,529
US / Mexico	Greater Big Bend International Dark Sky Reserve	2022, 38,850
US	Central Idaho	2017, 3,668
Canada	Mont-Mégantic	2007, 5,300
Ireland	Kerry	2014, 700
Namibia	NabimRand Nature Reserve	2010, 2,022

दृष्टि The Vision

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/night-sky-sanctuary-in-ladakh